कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री राकेश कुमार बैरवा पुत्र श्री खैराती लाल बैरवा निवासी भांडारेज तहसील भांडारेज जिला दौसा राज.

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा

अपील संख्या 27/2024

निर्णय दिनांक 03.06.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति0 जिला कलक्टर दौसा ने पत्र कमांकःआरटीआई/2024/329 दिनांक 23.5.2024 के द्वारा अवगत कराया है कि श्री राकेश कुमार बैरवा पुत्र श्री खैराती लाल बैरवा निवासी भांडारेज तहसील भांडारेज जिला दौसा से संबंधित सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन पत्र कार्यालय में प्राप्त नहीं होने से सूचना नहीं दी है। इस आशय कर सूचना की प्रति अपीलांट को भी भिजवाई गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 12:40:45 IST
Reason: SelfAttested